आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 23.01.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लड़के–लड़कियों के भेदभाव को दूर करने में मदद की।

2. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती आज देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही है।

3. वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड के लिए विशेष शिविर का आयोजन।

4. आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए जहाज़रानी सेवा निदेशालय द्वारा अतिरिक्त फेरी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्त्री–पुरूष के बीच का विभेद कम हुआ है तथा बालिकाओं की शिक्षा और करिअर के लिए उचित वातावरण तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस अभियान से उन जिलों में भी लडके–लडकियों के अनुपात में सुधार हुआ है जहां पारम्परिक रूप से इसमें काफी अंतर होता था।।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत डिगलीपुर में आईसीडीएस परियोजना–ग्रामीण ने संबंधित विभागों के समन्वय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान आयोजित किया गया। आई सी डी एस के तहत शपथ ग्रहण और जागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन हुआ। डिगलीपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए एक समतापूर्ण समाज का निर्माण किया जाए, जहाँ हर लड़की आगे बढ़ सके, अपने सपनों को साकार कर सके और राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सके। कार्यक्रम में उत्तरी अंडमान के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएच सिद्धराजू, और अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती आज देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर श्री विजयपुरम में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के

जोशी सुबह आठ बजे मरीना पार्क स्थित नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम में 'जय हिंद पदयात्रा' का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे इस पदयात्रा में शामिल होंगी। नेताजी के अदम्य साहस के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के पन्द्रह सौ से अधिक स्वयंसेवक शामिल होंगे। यह पदयात्रा अनुपम सौन्दर्य से भरपूर लगभग पांच किलोमीटर का मार्ग तय करेगी। पदयात्रा फ्लैग पॉइंट से शुरू होकर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक नेताजी स्टेडियम पर समाप्त होगी। नेताजी के योगदान का सम्मान करने और स्वतंत्र व प्रगतिशील भारत के उनके दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 'सुभाष चंद्र बोस और स्वतंत्रता आंदोलन' विषय पर प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसमें चित्रकला, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल होंगी, जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी के बलिदान और रणनीतियों को समझने के लिए युवाओं को प्रेरित करेंगी। नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी उपलब्धियों को समर्पित एक फोटो गैलरी लगाई जाएगी और स्थानीय हस्तशिल्प तथा द्वीपसमूह की कलात्मकता को बढ़ावा देने वाले स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर विशिष्ट युवा नेताओं और सफलता हासिल करने वालों को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह पदयात्रा, संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने और भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए आयोजित चौबीस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत पांचवां आयोजन है। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से सुबह साढ़े सात बजे तक फ्लैग प्वाइंट पर उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

<><><><><><><>

राज्यसभा की याचिका समिति दो दिन के अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के अध्ययन दौरे पर कल श्री विजयपुरम पहुंच गई है। समिति के सदस्यों ने कल फ्लैग प्वाइंट, राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल समेत अन्य स्थलों का दौरा किया। समिति के सदस्य आज जी बी पंत अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों का दौरा करेंगे और साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ भी समिति के सदस्यों की मुलाकात होगी। इन दोनों मुलाकातों में से कैंसर की सस्ती चिकित्सा के बारे में मंथन किया जाएगा।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आज़ाद भारतीय राष्ट्रीय सेना स्मृति समिति की ओर से आज दोपहर दो बजे जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के सभागार में सेमिनार आयोजित किया जाएगा। भारतीय स्वतंत्रता में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की भूमिका विषय पर प्रो. कपिल कुमार अपने विचार साझा करेंगे। इससे पहले सुबह आठ बजे समिति द्वारा डॉलीगंज के कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

<><><><><><><>

वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से उल्लास वृद्धाश्रम, आटम पहाड़ में आयुष्मान भारत कार्ड के लिए अभियान का आयोजन किया गया। एन एच एस सी टीम ने सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ष की महिलाओं के लिए ई–कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया और आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए। इसके अलावा भारत सरकार की आयुष्मान वय वंदना योजना के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसके तहत पांच लाख रूपये तक का ईलाज निःशुल्क होगा।

<><><><><><><>

आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को देखते हुए जहाज़रानी सेवा निदेशालय द्वारा बम्बूफ्लाट से चाथम के बीच रविवार छब्बीस जनवरी को सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक अतिरिक्त फेरी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

उधर, स्वराज द्वीप में आज से उनतीस जनवरी तक आयोजित सुभाष मेला को देखते हुए श्री विजयपुरम से स्वराज द्वीप के लिए भी अतिरिक्त जलयान की व्यवस्था की गई है। यात्री सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक स्टार्स टिकटिंग काउंटर से टिकट खरीद सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के टील हाउस जंक्शन से चाथम पुलिस थाना तक सड़क के आधे हिस्से पर रात आठ बजे से सुबह छः बजे तक मरम्मत का कार्य जारी रहेगा। सड़कों पर तीस जनवरी तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी और शेष आधे भाग पर वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती के अवसर पर आज केन्द्रीय मंत्री रक्षा निखिल खडसे द्वारा श्री विजयपुरम में जय हिन्द पद यात्रा करेंगी–

द्वीप समाचार की पहली खबर है। मुख्य सचिव ने कॉफी टेबल पत्रिका के उद्घाटन संस्करण का अनावरण करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने निकोबार ज़िले में बेटी बचाओं,बेटी पढ़ाओं के दस साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के उपरी भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने एस एन आई सी पच्चीस का समापन एकता के उत्साह के साथ संपन्न होने के समाचार को अखबार ने भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>